# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

बृहस्पतिवार, तिथि 26 चैत्र, 1937 (श0) / 16 अप्रील, 2015 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 60**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | 22 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 03 |
| (3) कृषि विभाग | .. | .. | 06 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 06 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 06 |
| (6) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 15 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | 01 |
| (8) विधि (धार्मिक न्यास) विभाग | . | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 60 |

कार्रवाई करना

''क''-*1247. श्री नितिन नवीन–स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''राशि ही खर्च नहीं, कैसे हो शहरी विकास'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में शहरी विकास, शुद्ध पेयजल स्वच्छता एवं जल संरक्षण समेत अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी वर्ष 2014-15 की योजनायें धीमी गति से चलने के कारण 70 करोड़ में से 34.33 करोड़ रुपये ही खर्च किये गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि जलापूर्ति एवं सफाई व्यवस्था पर कुल 57.66 करोड़ रुपये आवंटन सरकार द्वारा विगत वर्ष किया गया, जिसमें से वर्ष 2014-15 की अधिकांश अवधि बीत जाने के बावजूद अबतक मात्र 32.33 करोड़ रुपये ही खर्च किये जा सके हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार में शहरी विकास की राशि अबतक खर्च नहीं किये जाने का क्या औचित्य है तथा राशि ससमय खर्च नहीं करनेवाले दोषी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

औचित्य बताना

''ख''-*1249. श्री दिनेश कुमार सिंह–हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 24 फरवरी, 2015 को प्रकाशित ''घर-घर से कूड़ा उठाने की योजना फेल'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम को सड़क सफाई पर 2.5 करोड़ रुपये प्रतिमाह यानी वर्ष में 30 करोड़ रु० खर्च करने के बाद भी घर-घर से कूड़ा उठाने की योजना असफल है;

(2) क्या यह बात सही है कि घर-घर से कूड़ा उठाने की योजना का टेंडर अभीतक निष्पादित नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक घर-घर से कूड़ा उठाने की योजना के शुरू नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---

विचार करना

*1575. श्री रत्नेश सादा–क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड सोनवर्षा में वर्ष 2014-15 में धान के खरीद में जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी (बी०सी०ओ०) द्वारा सिर्फ कागजी खानापूर्ति की गयी है, जिसके लिये वहाँ के ग्रामीणों द्वारा विगत आठ माह पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी, सोनवर्षा को शिकायत-पत्र दिया गया है तथा उसपर अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

खाद्य सुरक्षा अधिकार दिलाना

*1576. श्री सत्यदेव नारायण आर्य–क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहारशरीफ, गिरियक एवं सिलाव प्रखंड में 65 प्रतिशत आबादी खाद्य सुरक्षा अधिकार से अभीतक वंचित है;

---

नोट–''क''-दिनांक 9 अप्रील, 2015 को सदन द्वारा स्थगित ।

''ख''-दिनांक 9 अप्रील, 2015 को सदन द्वारा स्थगित ।

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों में सामाजिक आर्थिक जनगणना में काफी गड़बड़ियाँ होने के कारण लगभग 65 प्रतिशत लोग इसका शिकार हुये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में आर्थिक, सामाजिक गणना में सुधार कर वास्तविक गरीब एवं असहाय लाभुकों को खाद्य सुरक्षा अधिकार दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1577. श्री गोपालजी ठाकुर–क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर नगर परिषद् कार्यालय भवन के निर्माण की स्वीकृति तथा राशि का आवंटन दो वर्ष पूर्व दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार नगर परिषद् कार्यालय भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

सड़क का निर्माण

*1578. श्री (मो०) आफाक आलम–क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत के शुदरी हाट से पश्चिम में अग्रवाल के घर होते हुये पश्चिम पाँच रोड तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1579. श्री जितेन्द्र कुमार–क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत सरमेरा एवं बिन्द प्रखण्ड में वित्तीय वर्ष 2013-14 में विधायक फण्ड से चापाकल लगाने हेतु अनुशंसा की गई है, परन्तु आजतक उक्त अनुशंसा के आलोक में उक्त दोनों प्रखण्ड में पूर्णरूपेण चापाकल नहीं गाड़े गये हैं एवं जो चापाकल गाड़े गये हैं, उनकी गुणवत्ता ठीक नहीं है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराते हुये संबंधित दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार का निर्माण

*1580. श्री पवन कुमार जायसवाल–क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढ़ाका नगर पंचायत में आमजनों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति हेतु जलमीनार का निर्माण विगत 10 वर्ष पूर्व किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि ढाका नगर पंचायत स्थित जलमीनार 3 वर्षों से खराब होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है;

(3) क्या यह बात सही है कि ढाका नगर पंचायत स्थित कई नवसृजित वार्डों में पाइप लाइन नहीं बिछा हुआ है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुराने जलमीनार का जीर्णोद्धार, नये विकसित वार्डों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य तथा अतिरिक्त नये जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*1581 श्रीमती गुलजार देवी–क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत नगर पंचायत, घोघरडीहा स्थित गौनही टोला भुतही बलान नदी की बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है तथा बाढ़ के दिनों में टोलावासियों को घर से निकलकर कोसी तटबंध पर आना असंभव हो जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि गौनही टोला एवं कोसी बाँध के बीच नदी की धारा इतनी तेज बहती है कि चचरी के सहारे भी पार करना मुश्किल हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गौनही टोला एवं तटबंध के बीच आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## बस पड़ाव का निर्माण

*1582. श्रीमती ज्योति रश्मि–क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत डिहरी नगर परिषद् स्थित बस पड़ाव में कुड़ा आदि के कारण बस पड़ाव की स्थिति काफी खराब है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बस पड़ाव का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पानी टंकी चालू कराना

*1583. श्री दिनकर राम–क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखंड मुख्यालय एवं डुमरी कला पंचायत के डुमरी ग्राम में जलापूर्ति हेतु टंकी का निर्माण पाँच वर्ष पूर्व प्रारंभ होने के बावजूद आजतक चालू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पानी टंकी को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## औचित्य बताना

*1584. श्री दिनेश कुमार सिंह–हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 फरवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''सालभर बाद भी किसानों को नहीं मिला मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में फसल की उन्नत उत्पादकता के लिये विभाग द्वारा मिट्टी की जाँच कराकर किसानों को मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड देने की योजना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजनान्तर्गत वर्ष 2014 में 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक 1,300 गाँवों में से प्रत्येक गाँव की मिट्टी जाँच करके 8 नमूने को लिया जाना था किन्तु एक या दो प्रखण्ड के कुछ गाँव का मिट्टी की जाँच की गई और शेष गाँवों का मिट्टी की जाँच अभीतक नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो किसानों को अभीतक मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड नहीं देने का क्या औचित्य है ?

## नाला का निर्माण

*1585. श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन–क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं० 23 स्थित पुरानी दुर्गा स्थान से भाया बाँध किनारे खाटू श्याम बिहार मंदिर के मुख्य द्वार तक आर०सी०सी० नाला नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि आर०सी०सी० नाला नहीं रहने से वहाँ के निवासियों को जल निकासी में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थान पर जल निकासी हेतु आर०सी०सी० नाला निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नाले की सफाई

*1586. श्री (डॉ०) इजहार अहमद–स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 अक्तूबर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "बस स्टैंड में जल-जमाव, यात्री परेशान" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत एल०एन० मिथिला विश्वविद्यालय एवं दरभंगा नगर निगम के बीच कादिराबाद स्थिति निजी बस स्टैंड के चारों ओर बने नाले की सफाई नहीं होने के कारण वर्षात के दिनों में स्टैंड परिसर टापू में तब्दील हो जाता है, जिससे यात्रियों को परेशानियाँ होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्टैंड परिसर एवं नाले की सफाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## प्रयोगशाला स्थापित कराना -

*1587. श्री पवन कुमार जायसवाल–क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में मोतिहारी, शिवहर सहित विभिन्न जिलों में लौह प्रभावित आर्सेनिक एवं फ्लोराइड प्रभावित पेयजल उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि पेयजल गुणवत्ता की जाँच हेतु प्रयोगशाला प्रखण्ड स्तर पर उपलब्ध नहीं होने के कारण आम लोग दूषित पानी पीकर विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका, घोड़ासहन प्रखण्ड सहित सभी प्रखण्डों में पेयजल गुणवत्ता जाँच प्रयोगशाला स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का चौड़ीकरण

*1588. श्रीमती पूनम देवी यादव–क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना महानगर स्थित फ्रेजर रोड, आर०पी० टावर सहित अन्य अपार्टमेंट अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि आर०पी० टावर सहित अन्य अपार्टमेंट के सड़क की चौड़ाई महानगर के मानक के अनुरूप न होकर मात्र 8 से 10 फीट है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आर०पी० टावर सहित अन्य अपार्टमेंट में प्रवेश और निकास के लिये महानगर के मानक के अनुरूप सड़क को चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला की सफाई

*1589. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही कि रोहतास जिला के सासाराम नगर में बड़े-बड़े नालों की सफाई नहीं होने से नगर में अनेकों जगह जल-जमाव होता है, जिससे शहर में लोगों को चलना मुश्किल हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार सासाराम नगर के सभी नालों का सफाई शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था कराना

*1590. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड में किसानों के मिट्टी जाँच के लिये किसान भवन का निर्माण हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण के बाद भी प्रयोगशाला, तकनीशियन एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं रहने के कारण क्षेत्र के किसानों को मिट्टी जाँच की सुविधा नहीं प्राप्त हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहपुर प्रखंड में मिट्टी जाँच के लिये तकनीकी कर्मचारियों एवं उपकरणों की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति कराना

*1591. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड के मधुबनी घाट, प० ढेकहाँ, उ० ढेकहाँ, लखौरा, पीपरा कोठी प्रखंड के पीपरा कोठी, द० ढेकहाँ में वर्ष 2003-04 में जलमीनार सहित जलापूर्ति व्यवस्था का निविदा हुआ, जिसका उद्घाटन भी वर्ष 2008-09 में तत्कालीन विभागीय मंत्री द्वारा किया गया, परन्तु जलापूर्ति बंद है यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर जलापूर्ति व्यवस्था कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विचार करना

*1592. श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्र में चार दशक पूर्व मात्र दो जलमीनार स्थापित किया गया था, जो अबतक बढ़ी हुई आबादी को पेय जलापूर्ति में सक्षम नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार का पाइप लाइन काफी जर्जर हो जाने के कारण आमलोगों को नाले का गंदा पानी आपूर्ति हो रहा है, फलस्वरूप लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समस्तीपुर शहरी क्षेत्र में आबादी के अनुरूप नया जलमीनार स्थापित करने के साथ नया पाइप लाइन बिछाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पशु विश्वविद्यालय का निर्माण

*1593. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एक वर्ष पूर्व बिहार कृषि कैबिनेट में लिये गये निर्णय जिसमें पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय बनाने की स्वीकृति दी गई थी, को अभीतक नहीं बनाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना के प्रांगण में विश्वविद्यालय बनाने के लिये पर्याप्त जमीन उपलब्ध है, जिसके लिये 20 करोड़ रुपये भी 9 माह पूर्व आवंटन किया जा चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के प्रांगण में पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बी०एस०ओ० का पदस्थापन

*1594. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड में बी०एस०ओ० का पद विगत चार वर्षों से रिक्त है, जिसके कारण 21 पंचायतों के ग्रामीणों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पतरघट प्रखंड के बी०एस०ओ०, सोनवर्षा बी०एस०ओ० के प्रभार में हैं तथा सप्ताह में एक दिन आकर कार्य का निष्पादन करते हैं, जिसके कारण उक्त प्रखंड का जन-वितरण का कार्य प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सोनवर्षा प्रखंड में बी०एस०ओ० का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान कराना

*1595. श्री संजय सिंह "टाईगर"--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बेलाउर, भगवानपुर तथा सरथुआँ दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति के 128 किसानों को डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत् वर्ष 2011-12, 2012-13 में पंजाब नेशनल बैंक, शाखा पिआनियाँ जिला-भोजपुर द्वारा ऋण मुहैया कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 128 किसानों को अनुदान की राशि कुल 32 लाख रुपया अभीतक नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त 128 किसानों को अनुदान की राशि का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलमीनार का निर्माण

*1596. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण जलापूर्ति हेतु जलमीनार बनाने हेतु पाँच हजार की आबादी का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के ढोढिया, दादपुर, भवनपुरा, चोरहर एवं लोकमानपुर पंचायत है और प्रत्येक पंचायत की आबादी दस हजार से अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में जलमीनार का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी की व्यवस्था

*1597. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत, घोघरडीहा का अधिकांश भू-भाग बरसात के दिनों में जल-जमाव से ग्रस्त रहता है, जिसमें चकराहा चौर और उसमानगंज मोहल्ला प्रमुख है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चकराहा चौर और उसमानगंज मोहल्ला का सर्वेक्षण करवाकर जल निकासी की व्यवस्था करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ड्रेनेज बनाना

*1598. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 2 वर्ष पूर्व सहरसा नगर क्षेत्र में ड्रेनेज बनवाने हेतु बुड्को को डी०पी०आर० बनाने दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि बुड्को द्वारा 6 माह पूर्व इसका डी०पी०आर० बनाकर तैयार कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सहरसा नगर क्षेत्र में ड्रेनेज बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति कराना

*1599. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड के ग्राम-तनपुरा में जल स्तर काफी नीचे रहने के कारण वहाँ के नागरिकों को पेयजल की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम-तनपुरा में पानी टंकी लगाकर पाइप लाइन से जलापूर्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलकर की बन्दोबस्ती

*1600. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंड के ग्राम-सिरसा तालाब की बन्दोबस्ती वर्ष 2012-13 के लिये मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्य श्री सुमेर रावत के साथ हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी निदेशानुसार मत्स्यजीवी सदस्यों के साथ किसी जलकर को सात वर्षों के लिये बन्दोबस्त करने का प्रावधान है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला मत्स्य पदाधिकारी, गोपालगंज ने मत्स्यजीवी मंत्री के सहयोग से तालाब की वर्ष 2013-14 में बन्दोबस्ती श्री संजीव कुमार के साथ कर दी गयी, जो सरकारी निदेश का उल्लंघन है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पदाधिकारी को दण्डित करने तथा सुमेर रावत के नाम से जलकर बन्दोबस्त करने का विचार रखती है ?

--------

कार्रवाई करना

*1601. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 जनवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''आवंटन 15.35 करोड़, खर्च 65 लाख'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में वित्तीय वर्ष 2014-15 में किसानों के कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिये 15 करोड़ 35 लाख 33 हजार 200 सौ रुपये आवंटन के विरुद्ध मात्र 65 लाख रुपये ही खर्च किये गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि 10,540 किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया जिसमें से 4,721 आवेदन को विभाग द्वारा स्वीकृति दी गयी तथा मात्र 257 किसानों को ही अनुदान का लाभ मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कृषि समन्वयक, किसान तकनीशियन एवं पदाधिकारियों के लापरवाही के कारण राशि खर्च नहीं करने के लिये कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण करना

*1602. <u>श्रीमती ज्योति रश्मि</u>--क्या मंत्री, विधि (धार्मिक न्यास) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी नगर में वित्तीय वर्ष 2012-13 की मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना से सती स्थान सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य चल रहा था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक भवन के कार्य में रोक लगाई गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सामुदायिक भवन के अधूरा कार्य को पूरा करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*1603. <u>श्री संजय सिंह "टाईगर"</u>--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोइलवर प्रखंड के चाँदी में अपने भवन में पशुपालन उप-केन्द्र संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-केन्द्र में भवन के साथ-साथ जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उप-केन्द्र होने के कारण पशु चिकित्सक के पदस्थापन का प्रावधान नहीं है, जिससे पशुपालकों द्वारा मवेशियों को उपचार कराने में काफी कठिनाई होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पशुपालकों की कठिनाई को देखते हुये उक्त पशुपालन उप-केन्द्र को प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय के रूप में उत्क्रमित करने का विचार रखती है ?

---

निर्माण कराना

*1604. <u>श्री आलोक रंजन</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सहरसा शहर के मुख्य सड़क गाँधी पथ की हालत अत्यंत जर्जर है एवं पानी के जमाव के कारण आवागमन में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री नगर समेकित योजना से स्वीकृत इस सड़क को बनवाने का कार्य शुरू किया गया था, जो लगभग छः माह से बंद रहने के कारण अधूरा पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## औचित्य बताना

*1605. श्री अजीत शर्मा : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर नगर निगम क्षेत्र के गोल्डर पट्टी (नाथ नगर), कमला नगर (सिगन फ्लैट के पास), कलकोधी (ततारपुर) में डीप बोरिंग (3,000 एम०एम०×200एम०एम०×150 एम०एम०) के लिये बिहार राज्य परिषद् द्वारा 2010 में 26.59 लाख रु० की स्वीकृति दी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र के लिये जलापूर्ति के लिये डीप बोरिंग अभीतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा डीप बोरिंग अभीतक नहीं करने का क्या औचित्य है ?

## पदस्थापन करना

*1606. श्री लक्ष्मीनारायण प्रसाद यादव : क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया विधान-सभा अन्तर्गत पताही प्रखंड में खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी का पद रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ प्रभार में खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के रहने के कारण खाद्यान्न उठाव एवं वितरण कार्य में काफी कठिनाई हो रही है तथा उपभोक्ताओं को भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वहाँ खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी का पदस्थापना करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

## कार्रवाई करना

*1607. श्री मनोहर प्रसाद सिंह : क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी मत्स्यजीवी सहयोग समिति और जिला मत्स्य पदाधिकारी, कटिहार की मिलीभगत से समिति और विभाग के बीच कोई एकरारनामा और राजस्व राशि जमा किये बिना नवाबगंज में शिकारमाही और मखाना निकालने का कार्य चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोविन्द सिंह, नवाबगंज ने इस संबंध में दिसम्बर, 2014 में शिकायत आयुक्त, पूर्णियाँ से की है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच कराकर नियमानुकूल कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

## जलमीनार का निर्माण

*1608. श्रीमती नीता चौधरी : क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखंड अन्तर्गत रमनकाबाद पश्चिम आदिवासी बहुल्य क्षेत्र है जिसकी जनसंख्या लगभग 10,000 (दस हजार) है, जबकि 5 हजार की जनसंख्या पर एक जलमीनार निर्माण कराने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शुद्ध पेय जलापूर्ति के अभाव में उक्त गाँव के लोगों को कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रमनकाबाद पश्चिम में जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## खाद्यान्न का वितरण

*1609. श्री शशिभूषण हजारी : क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के महादेव, सिमरिया पंचायत में पी०एच०एच० का खाद्यान्न वर्ष 2014 जनवरी से मार्च माह तक का वितरण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महादेव, सिमरिया पंचायत के आम नागरिकों द्वारा जिलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को इसकी लिखित शिकायत 10 (दस) माह पूर्व किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वितरण नहीं करनेवाले संबंधित पदाधिकारी सहित जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुये पी०एच०एच० के खाद्यान्न वितरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## नाला का निर्माण कराना

*1610. श्री रामेश्वर प्रसाद : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना शहर न्यू बाईपास स्थित न्यू नन्दलाल छपरा मुहल्ला में बसाही पैन से श्री धर्मेन्द्र कुमार के घर होते हुये श्री रामचन्द्र प्रसाद (सेवानिवृत्त शिक्षक) के घर तक सड़क के किनारे नाला निर्माण नहीं रहने के कारण मुहल्ला का पानी सड़क पर सालोंभर जमा रहता है, जिससे वहाँ के नागरिकों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार बसाही पैन से श्री धर्मेन्द्र कुमार के घर होते हुये श्री रामचन्द्र प्रसाद के घर तक कबतक नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## जलमीनार बनाना

"ग" *1611. श्री रामसेवक सिंह : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के नगर पंचायत, मीरगंज के वार्ड नं० 16 में जलमीनार नहीं रहने के कारण वहाँ के नागरिकों खासकर महादलितों को शुद्ध पेयजल प्राप्त नहीं हो रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वार्ड में कबतक जलमीनार बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## शवदाह गृह चालू कराना

*1612. श्री अजीत शर्मा : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर नगर क्षेत्र के बरारी शमशान घाट का शवदाह गृह विगत 5 वर्षों से बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शवदाह गृह बंद रहने के कारण शव का दाह करने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शवदाह गृह को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट: "ग" लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से नगर विकास एवं आवास विभाग को स्थानांतरित ।

## खाद्यान का वितरण

*1613. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के सभी प्रखण्डों में वर्ष 2014 के मार्च-अप्रील महीनों का खाद्यान का वितरण अबतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा खाद्यान का वितरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कार्य शुरू कराना

*1614. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली नगर पंचायत में सरकार भूमि उपलब्ध रहने के बावजूद पाइप लाइन से जल आपूर्ति कराने की योजना वर्ष 1990 से लम्बित है, यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार बरौली नगर पंचायत के मुख्यालय में कबतक जलापूर्ति योजना का कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## चापाकल गड़वाना

*1615. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सिलाव प्रखण्ड अन्तर्गत वर्ष 2012-13 ई० में राकेश रंजन, पिता स्व० कृष्णा प्रसाद, ग्राम-जुनेदी के घर के पास सार्वजनिक स्थान पर तथा वर्ष 2013-14 ई० में रामलखन प्रसाद सिन्हा, पिता पोखन महतो, ग्राम-जुनैदी के घर के पास सार्वजनिक स्थान पर मुख्य मंत्री चापाकल योजनान्तर्गत विधायक कोटा से चापाकल गाड़ने की अनुशंसा प्रश्नकर्ता सदस्य ने किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों वर्ष का दोनों चापाकल अनुशंसित स्थान पर नहीं गाड़कर एक ही प्लौट में एक व्यक्ति के निजी जमीन प्लौट नं० 1420, खाता नं० 41 पर कनीय अभियंता तथा सहायक अभियंता ने गलत ढंग से गाड़ दिया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है तथा उक्त दोनों चापाकल को उखाड़कर अनुशंसित स्थान पर गड़वाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कार्रवाई करना

*1616. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर प्रखण्ड के बल्लीकिता ग्राम में सरकारी गैर-मजरूआ तालाब शैरात के पिंड को अनुसूचित जाति के सोलह व्यक्तियों को पूर्व अंचलाधिकारी रमेश सिंह द्वारा बन्दोबस्त कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार किसी भी गैर-मजरूआ तालाब के शैरात पिंड को बन्दोबस्त करने का प्रावधान नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नाजायज तरीके से पिंड को बन्दोबस्त करने वाले अंचलाधिकारी पर कार्रवाई करने तथा बन्दोबस्त पिंड का अधिसूचना रद्द करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1617. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखण्ड मुख्यालय में ई-किसान भवन का निर्माण तीन वर्ष पूर्व किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि तीन वर्ष पूर्व बने ई-किसान भवन की स्थिति जर्जर हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार घटिया निर्माण कराने वाले संवेदक एवं लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

पदस्थापन करना

*1618. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा एवं बरौली अंचलों में अंचल पदाधिकारी का पद एक वर्ष से रिक्त है, जिससे आम नागरिकों को प्रशासनिक कार्यों में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों अंचलों में शीघ्र अंचल पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पेयजल संकट दूर करना

*1619. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखण्ड सहित पूरे जिला का चापाकलों से पानी आना बन्द हो गया है या कम हो गया है, जिससे जिले में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के साथ जिले में पेयजल संकट को कबतक दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1620. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत, बिहियाँ, भोजपुर में 2013-14, 2014-15 में लगाया गया सोलर लाइट, वेपर लाइट, हाई मास्क लाइट लगा है वो ब्रेडा से एप्रुब्ड नहीं है और न ही विधिवत निविदा का निष्पादन किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन चालू कराना

*1621. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर परिषद् के वार्ड नं0 13, महाराजगंज (प्रोफेसर कॉलोनी) में दलित, महादलित, पिछड़ा अल्पसंख्यक जाति के लोग रहते हैं, में जल-जमाव की भारी समस्या है, जिससे महामारी फैलने की समस्या बनी हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलोनी में सड़क की ऊँचाई कम तथा नाले से पानी के बहाव बंद रहने के कारण यह समस्या सालोंभर रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जयनारायण यादव के घर से विश्वनाथ साह के घर तक तथा प्रो0 कृष्ण कुमार के घर से रामचन्द्र यादव विमल के घर तक कबतक सड़क एवं नाला बनाकर उक्त मुहल्ले के लोगों का आवागमन चालू कराने का विचार रखती है ?

------------

पदस्थापित करना

*1622. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार की पहल पर अक्टूबर, 2011 में खाद्य सुरक्षा विभाग को स्वास्थ्य विभाग से अलग किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि खाद्य सामग्री के क्रय-विक्रय का कारोबार करने के लिये लाइसेंस या पंजीयन कराना राज्य सरकार द्वारा अनिवार्य किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि 9 खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों को लाइसेंस जारी करने हेतु विभिन्न प्रखण्डों के लिये अभिहित पदाधिकारी बनाया गया था तथा इसके अलावा प्रतिष्ठानों के नियमित निरीक्षण का 25 लाख राशि से कम टर्न ओवर वाले प्रतिष्ठानों पंजीयन करने हेतु 14 खाद्य सुरक्षा पदा0 नियुक्त किया गया था;

(4) क्या यह बात सही है कि 6 अभिहित पदाधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं जबकि एक विगत दो वर्षों से निलंबित हैं;

(5) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सभी प्रमण्डलों में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को पदस्थापित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

औचित्य बताना

*1623. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के दुर्गा स्थान से सोनारपट्टी होते हुये कोसी धार तक नाला का निर्माण कार्य 2012 में शुरू किया गया है, जिसमें दुर्गा स्थान से सोनारपट्टी तक नाला बनाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सोनारपट्टी से कोसी धार तक का नाला का निर्माण कार्य अभीतक पूरा नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त नाला का निर्माण अभीतक पूरा नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

विचार करना

*1624. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 जनवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''जिले में यूरिया की किल्लत, किसान परेशान'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला में खाद की कमी के कारण गेहूँ का फसल बर्बाद हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा निर्धारित लाईसेन्सधारी खाद्य विक्रेताओं द्वारा निर्धारित दर से 100 से 500 सौ रुपये अधिक पर बेचा जा रहा है, फलस्वरूप किसानों को काफी परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिला में निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराते हुये लाइसेंन्सधारी दुकानदारों की मनमानी की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*1625. श्री केदार नाथ सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखण्डान्तर्गत रामकृष्णा नगर, वार्ड नं0 30 में दुर्गा मंदिर से आगे मदर टेरेसा पथ में अखिल यमुना रेसीडेंसी अपार्टमेंट के निकट सरकारी जमीन अतिक्रमण कर पक्का निर्माण करा लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में मुख्य मंत्री नगर विकास योजनान्तर्गत उक्त पथ में स्वीकृत भू-गर्भीय नाला का निर्माण कार्य उक्त अतिक्रमण के कारण अबतक अधूरा पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार लोक भूमि अतिक्रमण (संशोधन) अधिनियम, 2012 के तहत अतिक्रमण के लिये दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई करते हुये उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जलापूर्ति कराना

*1626. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा नगर पंचायत, बिहिया एवं नगर पंचायत, शाहपुर, भोजपुर में जलमीनार का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत, बिहिया के वार्ड नं0 एक, चार, पाँच, छः, सात, आठ एवं नगर पंचायत, शाहपुर के वार्ड नं0 चार, पाँच, छः, नौ एवं दस में पाइप विस्तार नहीं होने से जलापूर्ति बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोनों नगर पंचायत के उक्त वार्डों में पाइप विस्तार कर जलापूर्ति सुचारू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

गोशाला का पुनरुद्धार

*1627. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में 86 गोशालाओं में से 44 गोशाला बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार पूरे राज्य के गोशालाओं के पुनरुद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

परिचालन कराना

*1628. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 15 फरवरी, 2015 के अंक में छपी खबर ''बसें आ गईं, पर बुडको शहर में चला नहीं रहा'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शहरी परिवहन योजना के अधीन वर्ष 2014 में 46 करोड़ की लागत से 300 बसों का परिचालन पटना एवं गया शहरों में करने का निर्णय को दो वर्ष पूर्व ही लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक मात्र पटना में 40 बसों का परिचालन किया गया है शेष बसों को विभाग द्वारा नहीं मंगाया गया है, जिसके कारण राजधानी पटना एवं गया में नगरीय परिवहन सेवा पूर्ण रूप से शुरू नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजधानी पटना एवं गया में नगर सेवा के अधीन बसों का परिचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बीमा राशि का भुगतान

*1629. श्री रामसूरत राय--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई एवं कटरा प्रखंड सहित सम्पूर्ण जिला में वर्ष 2013-14 में प्राकृति आपदा से फल क्षति 90 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा मान लिया गया तथा उक्त वर्णित स्थल पर कृषकों द्वारा बीमा कम्पनी से फसल बीमा भी कराया गया था, किन्तु वर्तमान समय तक बीमा कम्पनी द्वारा कृषकों को बीमा राशि भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कृषकों को बीमा राशि भुगतान कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला निर्माण कराना

*1630. श्री अरुण माँझी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी नगर परिषद् क्षेत्र के मसौढ़ी एन०एच० 83 मुख्य पथ में देवेन्द्र सिंह (वकील साहब) के घर से मसौढ़ी प्रखंड होते हुये मसौढ़ी कोर्ट हाल्ट तक नाला निर्माण नहीं हुआ है, जिससे वर्षात के दिनों में सड़क जलमग्न हो जाता है, फलस्वरूप आम लोगों को एवं वाहनों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पेयजल की आपूर्ति

*1631. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड के पकरीबरावाँ बाजार का जल स्तर काफी नीचे रहने के कारण वहाँ के नागरिकों को पेयजल की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार पानी टंकी लगाकर पाइप लाइन के द्वारा पकरीबरावाँ बाजार को कबतक पेय जलापूर्ति उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थापित करना

*1632. श्री (डॉ०) कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखंड के सोहाड़ी, सीतारामपुर, यमुनापुर पहाड़ी क्षेत्र का गाँव है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में हमेशा पीने के पानी का किल्लत रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में एक-एक सौर ऊर्जा संचालित मिनी जलापूर्ति केन्द्र स्थापित कर स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 16 अप्रील, 2015 (ई०) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 42--डी०टी०पी०--450